SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I fully appreciate ...*(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN-; They are asking me we are working out a procedure, we are drawing a procedure, whether the House wants a discussion first and the Home Minister replies later or his statement would come first and then they would ask for clarifications.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: If he is *to* make a statement first, he will have to react to our points again. So we should be allowed to speak first.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Kamataka): The Home Minister can react later.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WATER RESOURCES AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): I would suggest the Home Minister can make his statement first and then we can have a discussion,

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Again he will have to react.

SHRI M. M- JOCOB; Let him make the statement now and clarifications can follow.

(interruptions)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I feel on this issue at least let us not make such a noise. Should we make such a *hungama* on the procedure itself?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: We should speak first and let the Home Minister speak later.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI P. SHIV SHANKER) The Home Minister will make *a,* statement at 12.30.

SHRI BUTA SINGH; Madam, you have very kindly observed that this is an issue where all sections of the House are concernedi the entire country is concerned, that peace and communal harmony should be maintain, ed at all costs. But about what is actually happening on that issue, about the factual position, I will make a statement at 12.30 and after that honourable Members can seek clarifications.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Okay.

SHRI BUTA SINGH: It may not be possible for me to render the translation. I can only give a brief factual position and the translation can come a little later.

SPECIAL MENTIONS

उपसभापति : आप सब लोगों ने अपना स्पेशल मेंशन कल कर लिया था। वर्मा जी अपना चश्मा भूल आये थे इसलिए वह कल नहीं कर पाये। आज वह अपना स्पेशल मेंशन कर रहे हैं।

Environmental Danger posed by Associated Distilleries, Hissar, by Discharge of Noxious Industrial Waste

श्री धीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभापति जी, मुझे खुशी है कि भारत के कृषि मंत्री चौधरी भजन लाल ने हिसार में करोड़ों रुपया लगा कर एक बहुत ही सुन्दर और आलीशान शहर का निर्माण कराया। रुपया कहां से लाये हैं यह तो वह जानते होंगे या पब्लिक जानती होगी। लेकिन इस शहर में जहां एक तरफ यह शहर पर्यटकों का आकर्षण बन रहा है वहीं दूसरी ओर इसी शहर में श्री भजन लाल के दामाद श्री अनूप बिश्नोई ने 1984 में एक असोसिएटिड डिस्टिलरीज की स्थापना की थी। 24 लाख क्यूबिक गंदा, बदबूदार पानी उप डिस्टिलरीज से निकलता है उसकी वजह से आस-पास की फसलें बर्बाद हो गयी हैं, वृक्ष सूख रहे हैं। जो पशु पानी पीते हैं वे मर रहे हैं। उस फैक्टरी के बराबर में ही जो फौज की छावनी है उस छावनी के अधिकारियों और सैनिकों का पीने

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

का पानी भी दूषित हो रहा है। इसके ऊपर मेजर जनरल जी०ओ०सी० ने 1988 में मुख्य मंत्री, हरियाणा को शिकायत की कि इस गंदगी को यहां से हटवाया जाय क्योंकि हमारे स्वास्थ्य के लिए और पीने के पानी के लिए भी इसका बहुत नुकसान हो रहा है। उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। उसके बाद शहर के सैकड़ों आदमियों ने इसी जून को मिल के मालिक का घेराव भी किया। तब भी कोई नतीजा नहीं निकला और इससे पूर्व 2 मई, 1988 को रक्षा मंत्री जी को भी यह शिकायत भेजी गई। रक्षा मंत्री ने भी शिकायत मुख्य मंत्री को भेज दी। लेकिन उसके बाद भी कोई असर नहीं हुआ। फिर डिफेंस मिनिस्ट्री के अतिरिक्त सेक्रेटरी ने शिकायत भेजी कि इसको बंद करवाया जाय या इसको हटाया जाय क्योंकि इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। फिर भी उसको नहीं हटाया गया। हरियाणा का जो पोल्यूशन बोर्ड है उसने भी कहा कि यह हैल्थ हैजर्ड है, इसको हटाया जाय या इसको बंद करवाया जाय। फिर भी उसको बंद नहीं किया गया है। केमिकल इन्जामिनेशन में भी यह पाया गया कि जितनी भी गन्दगी की गुंजायश है उससे सौ गुना गन्दगी इसमें पाई गई है। इसके बावजूद भी उस फैक्टरी के गंदे पानी को रोकने या उसको ट्रीट करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सौभाग्य से यहां भजन लाल जी भी बैठे हुए हैं। उनके दामाद की यह फैक्टरी है। वहां पर आकर्षण का केन्द्र इनका महल बना हुआ था उसको देखने के लिए भी पर्यटक जा रहे हैं, वहां जाने के लिए अब घबरा रहे हैं। मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि वे कोशिश करके अपने दामाद से, जो पानी गन्दा है उसको ट्रीट करवायें या उसको बन्द करवायें या उसको वहां से शिफ्ट करवायें। हिसार के लोगों, वहां की जनता, वहां की फसल, वहां के पशुओं और मिलिटरी के हितों की रक्षा के लिए एकदम से इस फैक्टरी को बंद कराया जाय, उसको हटाया जाय उसको शिफ्ट किया जाय या उसकी व्यवस्था की जाय।

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल): उपसभापति महोदया, दो मिनट समय लेना चाहता हूं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : कोई ऐसी बात कहेंगे तो फिर हम भी बोलेंगे।

श्री भजन लाल : कोई ऐसी बात नहीं कहूंगा। जो ठीक बात है वही कहूंगा।

पिछले तीन-चार दिनों से मैं देख रहा हूं कि अखबारों में क्या छप रहा है कि यह भजन लाल का महल है। इन्डियन एक्सप्रैस तो सरकार के खिलाफ इश्तहार है। अखबार का कुछ किरदार होता है, क्रेडीबिलिटी होती है। मैं प्रैस को इंवाइट करता हूं और सदन को भी कहता हूं कि जो तस्वीर छपी है अगर यह तस्वीर सही साबित कर देते हैं तो जो सजा आप देंगे मैं वह भुगतने के लिए तैयार हूं। यह क्या है कि मकान के चारों तरफ, साढ़े चार फुट की चार दीवारी है। चार दीवारी की चारों तरफ की फोटो लेकर अलग-अलग टुकड़ों में फोटो खींच कर जोड़कर दिखा दिया है जैसे कोई बहुत बड़े गेट हों। फोटो खींचकर अखबार में छाप दिए हैं। चार दीवारी के ऊपर गोलाई ईंटों की बनी हुई है जोकि साढ़े चार या पांच फुट ऊंची है उसको नई कैमरे की टैकनीक से फोटो खींचकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की गई है जोकि कितनी गलत बात है। इसको लम्बा करके, कैमरे से इतना लम्बा गैर-जिम्मेदारी के साथ छापा है। मकान मामूली सा नजर आ रहा है। मैं इंकार नहीं करता हूं कि मेरा मकान नहीं है। ईश्वर की कृपा से भूखा नंगा भी नहीं हूं। आज की बात नहीं है, सात पुश्तों से ईश्वर की कृपा है। आज की बात नहीं है कुछ भी, 500 एकड़ जमीन पाकिस्तान में छोड़कर आये है खानदान के लोग। लेकिन मैं इस इतिहास में नहीं जाना चाहता। मैं इतनी बात कहना चाहता हूं कि 40 साल से हम इनकम टैक्स पे कर रहे हैं और सारे परिवार का एक एक पैसे का एकाउंट है। कोई भी आदमी अगर गलत साबित कर दे तो जो सजा आप देना चाहें मैं भुगतने के लिए तैयार

हूं। लेकिन इतने गलत तरीके से फोटो छापकर यहां लाते हैं ...(व्यवधान)...

श्री वीरेन्द्र वर्मा : पोल्यूशन की बात बताइये।...(व्यवधान)...

उप सभापति : भजन लाल जी एक मिनट, देखिए आपने किसी मेंबर पर कोई अलीगेशन लगाया तो वह जवाब दे रहे हैं, पर्सनल एक्सप्लेनेशन।

श्री भजन लाल : यह कहते वक्त आपको कुछ सोचना चाहिए। मेरा सारे हिन्दुस्तान में एक मकान के सिवाय कोई मकान हो तो मैं कोई भी सजा भुगतने के लिए तैयार हूं।

उप सभापति : आप पोल्यूशन पर बताइये।

श्री भजन लाल : उपसभापति महोदया, मैं एक मिनट आपका लूंगा। इन्होंने यहां पर एक बड़ी बात कह दी। इन्होंने और इनके लीडरों ने, जब मैं मुख्य मंत्री था बड़ी कोशिश की मुझे हटाने की और जब इनका बस नहीं चला तो मेरे खिलाफ ज्ञापन दिया। उस ज्ञापन में सारी बातें कि मकान, बेनामी जमीन भजन लाल के दामाद ने यह कर रखा है, उसके बेटों ने यह कर रखा है, उसके रिश्तेदारों ने यह कर रखा है। आज तक इस देश में अगर किसी ने कमीशन को फेस किया है तो उसका नाम भजन लाल है। उस कमीशन ने यह कहा है कि कहीं एक भी गलती नहीं है।..(व्यवधान)... क्या बोलते हो। वैद्यलिंगम कमेटी की रिपोर्ट पढ़िये। चौधरी चरण सिंह के बारे में उसने क्या कहा। चौधरी चरणसिंह के बारे में उसने कहा है कि वह करप्ट हैं उसकी बीबी पैसा लेती है। (व्यवधान)

उपसभापति : आप बैठ जाइये। मामला हाथ से बाहर जा रहा है।

श्री भजन लाल : मैं प्वांइट पर आता हूं।

उपसभापति : आपको और बोलना है तो जो मुद्दा है पोल्यूशन का है उस पर बोलिये और फिर बैठ जाइये।

श्री भजन लाल : ठीक है उसके बारे में कहता हूं। इस तरह की बेबुनियादी बातें हाउस में नहीं कहनी चाहिएं।

श्री ईश दत्त यादव : (उत्तर प्रदेश) : पोल्यूशन पर नहीं बोल रहे हैं मेडम यह।

श्री भजन लाल : ऐसी बात कहनी चाहिए जिसमें वजन हो, सच्चाई हो। ...(व्यवधान)...अब रह गया सवाल दूसरा...(व्यवधान)...कमीशन बिठाइये। (व्यवधान)...इतना भारी...(व्यवधान) आप कमीशन बिठाइये और इन्क्वायरी कराइये। हमने इस बात की मांग की है।

उपसभापति महोदया, अब रह गया सवाल पोल्यूशन के बारे में। मेरे दामाद की फैक्टरी है और फैक्टरी लगाना कितना पाप है तो मुझको बता दें। काम करना पाप है तो यह भी बता दें। सियासी आदमी का बेटा, रिश्तेदार या दामाद क्या चोरी करे, हेराफेरी करे? अगर काम करे तो यह कहते हैं... (व्यवधान)...

श्री वीरेन्द्र वर्मा : फैक्टरी का कोई विरोध नहीं है। एक नहीं दस लगायें आप पोल्यूशन के बारे में बता दें बस।

श्री भजन लाल : उपसभापति महोदया शहर से पांच किलोमीटर दूर वह फैक्टरी है। कायदे कानून से लगी हुई है। बरसात का पानी दिखाकर कि उसमें पानी खड़ा है और पोल्यूशन हो रहा है। पोल्यूशन के बारे में बाजायदा हाईकोर्ट को अंडरटेकिंग देकर इसको कंपलीट करके वहां पर पोल्यूशन प्लांट लगाने जा रहे। इसके लिए 6 महीने की इजाजत हाई कोर्ट ने दे दी है। कोर्ट में जीते हुए हैं ये कोर्ट में गये थे।

उपसभापति : यानी क्लियर कर दिया।

श्री भजन लाल : मेरा कहने का मतलब है कि वहां कोई एर्जटेशन नहीं है। वहां पर इस तरह का कोई सवाल

[श्री भजन लाल]

ही नहीं है । इसलिए इस तरह से बेसलेस और बेबुनियाद बात करना और अखबार छापना .. (व्यवधान) . . .कितनी गलत बातें हैं ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : वहां पर मिलेट्री के जी०ओ०सी०, मेजर जनरल ने शिकायत की है और कहा है कि इसको तुरन्त बंद कराया जाय । पोल्यूशन बोर्ड ने भी ...(व्यवधान) . .

श्री भजन लाल : वर्मा जी, इसमें जरा भी गलती होती, इसमें जरा भी कमी होती तो भजन लाल को और भजन लाल के दामाद को देवीलाल माफ करने वाले थे क्या ? मैं आपसे यह पूछता हूं, छोड़िये आप । मैं पूछता हूं कि अगर ऐसा है तो क्यों कार्यवाही नहीं करते ? पकड़िये उनको । पकड़ना चाहिए अगर गलत बात है । क्या बात करते हैं आप ? यह स्टेट सब्जेक्ट है । क्यों नहीं देवीलाल जी पकड़ते? कैसे पकड़ सकते हैं ? कोई भी गलत काम मैंने आज तक जिन्दगी में नहीं किया । यह सारा मिथ्या और गलत प्रचार इस अखबार के माध्यम से करवा रहे हैं ताकि भजनलाल को बदनाम किया जाए ।

सब कुछ कायदे कानून के अनुसार है । कोई गलत नहीं है । मैं अपने दामाद की तारीफ करूं यह अच्छी बात नहीं, जब लोगों के पास साइकिल नहीं थे तो उनके पास हवाई जहाज थे । क्या बात ... हो ?

THE MINISTER OP STATE IN THE DEPARTMENT OF EXPENDITURE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI B. R. GADHVI): I think, Madam, till the Home Minister's statement comes we can continue with the Appropriation Bill.

उपसभापति : विकल जी, आप एप्रोप्रियेशन बिल पर बोलिये । हिन्दी की कापी आ जाएगी तो उसके बाद वह डिसकशन करेंगे । (व्यवधान) विकल जी आप अपना भाषण शुरू करिये । (व्यवधान)

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh); No, no. ..

THE DEPUTY CHAIRMAN; What 'no, no'? You don't understand. 1 spoke In Hindi. The translation is yet to come. There are people who understand Hindi. It Is my responsibility to get the copy.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: But we can go ahead....

THE DEPUTY CHAIRMAN; You are nobody to decide it. It is for the Chair.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I am only proposing—

"THE DEPUTY CHAIRMAN: Don't Dropose anything.

(Interruptions')

STATEMENT BY MINISTER

Recent Development in Ram Janambhoomi-Babri Masjid controversy—contd.

SHRI BUTA SINGH: Madam, honourable Members may be aware of the recent developments in the Ram Janambhoomi-Babri Masjid controversy. Since July 1988 Government have taken a number of steps to defuse the controversy and to bring about a settlement among the various organisations and groups concerned. held several rounds of talks with both Hindu and Muslim leaders including religious leaders. Government also convened a meeting with leaders of the Opposition parties in parliament and obtained the benefit of their views. The Advocate-General, State of U.P., moved the Lucknow Bench of the Allahabad High Court to consolidate all the suits pending on the matter and to withdraw them to the High Court. I am glad to report that the High Court has since passed orders withdrawing the cases to its file and has also constituted a full bench of